# राज्य की महिलाओं के लिये राखी उपहार की घोषणा

## चर्चा में क्यों?

19 अगस्त, 2021 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने **खटीमा में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम** में राज्य की **आशा और आँगनबाडी कार्यकर्त्ताओं तथा सभी महिलाओं के लिये राखी उपहार** की घोषणा की।

## प्रमुख बिंदु

- उपहारस्वरुप रक्षाबंधन के मौके पर राज्य की आशा और आँगनबाडी कार्यकर्त्ताओं को **एक हज़ार रुपए का तोहफा** दिया जाएगा और इस दिन सभी महिलाओं को **उत्तराखंड रोडवेज की बसों में मुफ्त में सवारी** की अनुमति होगी।
- कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने धामी की कलाई पर राखी बाँधी।
- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन करने और लोगों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिये तहसील दिवस कार्यक्रम आयोजित करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/announcement-of-rakhi-gift-for-the-women-of-the-state